शहीद कपिल देव के नाम पर होगा नेहरू नगर का मैदान
शहीद की यादों को संजोने महापौर नीरज पाल ने की घोषणा

भिलाई नगर / विगत 03 जुलाई को इंफाल लैंडस्लाइड की चपेट में आने से भिलाई के रहने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल देव पांडे शहीद हो गए। 107 बटालियन गोरखा राइफल्स मणिपुर में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद रहे शहीद कपिलदेव की स्मृतियों को संजोने भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव की अनुशंसा से महापौर नीरज पाल ने महत्वपूर्ण घोषणा की है , भिलाई स्थित उनके निवास के समीप बड़ा मैदान है जो कि स्टेडियम बनना प्रस्तावित है जिसे अब शहीद कपिलदेव पांडे मैदान के नाम से जाना जाएगा। शहीद को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने गुरूवार को महापौर श्री पाल उनके भिलाई निवास पहुंचे थे। महापौर नीरज पाल ने भिलाई की धरती में जन्मे , पले बढ़े शहीद कर्नल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद की माता श्रीमती कुसुम पांडे, पत्नी लेफ्टिनेंट कर्नल छवि पांडे, बहन भावना पांडे सहित पूरे परिवार के साथ संवेदनाएं व्यक्त की। महापौर ने कहा कि शहीद कपिलदेव ने भारतीय सेना के कई महत्वपूर्ण मोर्चे में अपना योगदान दिया है, शहर के ऐसे वीर सपूत के शहादत को भूलाया नहीं जा सकता , इसलिए उनके सम्मान में उनकी स्मृतियों को हमेशा के लिए संजोए रखने के लिए नेहरू नगर पूर्व स्थित उनके निवास के समीप प्रमुख मैदान को शहीद कर्नल कपिलदेव पांडे के नाम से जाना जाएगा।